आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 20.11.2024
समय 07.20

**मुख्य समाचार :—**

- केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान आज। विधानसभा क्षेत्र के 75 प्रतिशत बूथों की सी०सी०टी०वी से होगी निगरानी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा — युवाओं का कौशल विकास, राज्य सरकार का प्रमुख एजेंडा है।
- मत्स्य पालन के क्षेत्र में हिमायली और उत्तर पूर्व के राज्यों की श्रेणी में उत्तराखंड सर्वश्रेष्ठ राज्य के रूप में चयनित।
- स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत ने कहा — सरकार का लक्ष्य अगले दो वर्षों में राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों में पीजी की 100—100 सीटें स्वीकृत कराना है।

**उपचुनाव**

केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव के लिए अब से कुछ देर बाद मतदान शुरू होगा। 90 हजार से अधिक मतदाता इस उपचुनाव में हिस्सा ले रहे छह प्रत्याशियों का भाग्य तय करेंगे।

विधानसभा क्षेत्र के 173 मतदान केंद्रों में वोटिंग की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान को पारदर्शी बनाने के लिए 130 केंद्रों में सीसीटीवी के जरिए वेबकास्टिंग की जा रही है। अब तक के चुनावों में विधानसभा के मतदान केंद्रों के सापेक्ष 50 फीसदी केंद्रों पर ही सीसीटीवी लगाए जाते थे। लेकिन यह पहली बार है जब किसी विधानसभा के 75 प्रतिशत बूथों पर सीसीटीवी लगाए गए हैं। निर्वाचन प्रक्रिया में इस्तेमाल हो रही 205 गाड़ियों में जीपीएस भी लगाए गए हैं, ताकि इनकी गतिविधियों पर पूरी नजर रखी जा सके।

गौरतलब है कि केदारनाथ में अब तक हुए पांच विधानसभा चुनावों में से तीन बार भाजपा और दो बार कांग्रेस ने जीत दर्ज की है।

इस साल जुलाई में भाजपा विधायक शैलारानी रावत के निधन के बाद केदारनाथ सीट खाली हो गई थी।

**कौशल विकास**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि कौशल विकास, राज्य सरकार का प्रमुख एजेंडा है। प्रदेश में युवा शक्ति को प्राथमिकता देते हुए पूरी प्रतिबद्धता के साथ इस संबंध में लगातार काम किया जा रहा है। वे दून विश्वविद्यालय में कौशल विकास एवं रोजगार कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सम्मेलन युवांओं के कौशल विकास के क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा और इससे युवाओं को उनकी क्षमता के अनुरूप सशक्त बनाने में मदद मिलेगी।

## उत्तराखंड परिवहन निगम

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में ग्रेडेड रिसपान्स एक्शन प्लान– ग्रैप 4 पॉलिसी लागू होने पर उत्तराखण्ड परिवहन निगम ने नई दिल्ली की आवाजाही के लिए बीएस–सिक्स बसों की संख्या बढा दी है। निगम के पास वर्तमान में 180 बीएस–सिक्स सी०एन०जी० बसें उपलब्ध हैं, जिन्हें दिल्ली मार्ग पर संचालित किया जा रहा है। 12 वोल्वो बसें जो बीएस–6 मॉडल की हैं, उनके फेरे बढ़ाकर और रिशिड्यूलिंग करते हुये दिल्ली मार्ग पर संचालित किया जा रहा है, जिससे यात्रियों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। निगम की ओर से 130 बीएस–6 नई बसें खरीदी गईं हैं, जिनमें 77 बसों को दिल्ली मार्ग पर सचालित किया जा रहा है और 53 बसें जल्द ही चलाई जायेंगी। साथ ही दिल्ली मार्ग पर चलने वाली बसों के फेरे बढ़ा दिये गये हैं।

गौरतलब है कि नई दिल्ली में वायु प्रदूषण के अति गंभीर श्रेणी में पहुंचने और ग्रैप–फोर पॉलिसी लागू होने के बाद राष्ट्रीय राजधानी में बीएस–3 और बीएस–4 बसों के संचालन के प्रवेश पर रोक लगाई गई है।

## शिक्षा एवं स्वास्थ्य विकास

उत्तरकाशी जिले में प्राथमिक विद्यालयों के 12 कलस्टरों का चिन्हीकरण करते हुए इन स्कूलों में दो करोड़ चालीस लाख रुपए की धनराशि से बसों की व्यवस्था की जाएगी। ये बसें खेलकूद गतिविधियों और विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्रों के परिवहन की व्यवस्था के लिए भी उपयोग किए जा सकेंगे। जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में संपन्न जिला खनिज फाउंडेशन न्यास की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इसके साथ ही न्यास से उप जिला चिकित्सालय पुरोला में आईसीयू के लिए आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था के लिए भी चालीस लाख की धनराशि उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में शिक्षा व्यवस्था और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाना प्रशासन की प्राथमिकता और प्रतिबद्धता है। इसके लिए खनिज न्यास की मद से हर संभव सहयोग दिए जाने का निश्चय किया गया है।

## निरीक्षण

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने अल्मोड़ा जिले में कल शाम क्वारब डेंजर प्वाइंट के समाधान के लिए वैकल्पिक मार्ग का निरीक्षण किया। क्वारब के समीप लगातार हो रहे भूस्खलन के कारण अल्मोड़ा, बागेश्वर और पिथौरागढ़ के लिए आवाजाही करने वाले यात्रियों को परेशानियों का

सामना करना पड़ रहा है। निरीक्षण करते हुए क्वारब के डेंजर प्वाइंट के उपचार के दौरान वैकल्पिक मार्ग बनाए जाने की तलाश की गई। मौके पर सभी संबंधित अधिकारी रहे जिससे वैकल्पिक मार्ग के लिए सभी पहलुओं को ध्यान में रखा जा सके। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि क्वारब के डेंजर प्वाइंट के ट्रीटमेंट के लिए 18 करोड़ रुपए के कार्यों का टेंडर होने के साथ वैकल्पिक मार्ग की स्वीकृति सरकार से मिल गई है।

## मतस्य पालन–उत्तराखंड सर्वश्रेष्ठ राज्य

मत्स्य पालन के क्षेत्र में हिमायली और उत्तर पूर्व के राज्यों की श्रेणी में उत्तराखंड सर्वश्रेष्ठ राज्य के रूप में चयनित किया गया है। मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए उत्तराखंड को राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड हैदराबाद की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा। यह पुरस्कार कल नई दिल्ली में विश्व मत्स्य दिवस पर आयाजित होने वाले कार्यक्रम में केंद्र सरकार की ओर से दिया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पुरस्कार के लिए विभाग और मत्स्य पालकों को बधाई देते हुए कहा कि, सरकार पशुपालकों के कल्याण के लिए हर तरह से सहायता प्रदान कर रही है। मैदान के साथ ही पहाड़ में मत्स्य पालन को बढ़ावा दिया जा रहा है।

## चरक शपथ ग्रहण

स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत ने कहा है कि सरकार का लक्ष्य अगले दो वर्षों में राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों में पीजी की 100–100 सीटें स्वीकृत कराना है। इसके लिये राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को समय–समय पर प्रस्ताव भेजे जा रहे हैं। वे दून मेडिकल कॉलेज में आयोजित 'चरक शपथ ग्रहण' समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि चिकित्सा पेशे का मूल उद्देश्य जन सेवा होना चाहिए। स्वास्थ्य सेवाओं के विकास पर जोर देते हुए डॉक्टर रावत ने कहा कि सरकार सभी मेडिकल कॉलेजों में ढांचागत व्यवस्था के साथ ही आधुनिक चिकित्सकीय उपकरणों की व्यवस्था कर रही है। इसके अलावा कॉलेजों में पर्याप्त फैकल्टी, पैरामेडिकल स्टॉफ और तकनीकी स्टॉफ की भी तैनाती की जा रही है जिससे एमबीबीएस छात्रों को हर प्रकार की सुविधाएं मिल सके।

## भर्ती रैली

रुड़की के बीईजी एंड सेंटर में पुरुषों और महिलाओं के लिए अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। ग्यारह से इक्कीस दिसंबर तक यह भर्ती रैली आयोजित की जाएगी।

अभ्यर्थी जे०आई०ए वेबसाइट से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यार्थियों की सहायता के लिए एक हेल्पलाइन नंबर 7 4 5 6 8 7 4 0 5 7 स्थापित किया गया है। पुरुष उम्मीदवारों के लिए रैली 11 से 16 दिसंबर, जबकि महिला उम्मीदवारों के लिए रैली 19 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र, आधार कार्ड और तीन फोटोकॉपी तथा सभी मूल दस्तावेजों के साथ सुबह तीन बजे तक

रैली स्थल पर रिपोर्ट करना होगा। किसी भी उम्मीदवार को एडमिट कार्ड, आधार कार्ड और सभी मूल दस्तावेजों के बिना सेना भर्ती रैली में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## गिरफ्तारी

उत्तराखंड एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स की कुमाऊं यूनिट ने रुद्रपुर के किच्छा थाना क्षेत्र से 16 सौ नशीले इंजेक्शन के साथ एक अंतरराज्यीय नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद नशीले इंजेक्शनों की कीमत 10 लाख रुपये से अधिक आंकी गई है। गिरफ्तार व्यक्ति उत्तर प्रदेश के बरेली जिले का रहने वाला है और बरेली से ही ये नशीला इंजेक्शन लाया था।

## समाचार पत्र की सुर्खियों से.

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत के हवाले से हिंदुस्तान समाचार पत्र लिखता है– उत्तराखंड में जल्द 596 डॉक्टरों की भर्ती।

नई दिल्ली में बीएस–थ्री और बीएस–फोर की बसों के प्रवेश पर रोक लगने के बाद उत्तराखंड परिवहन निगम नई बसें खरीदेगा। इस ख़बर को दैनिक जागरण ने अपने पहले पृष्ठ पर स्थान देते हुए लिखा है– 175 नई बसें खरीदेगा परिवहन निगम, सरकार ने ली सुध– दिल्ली जाने वाले यात्रियों की समस्या के समाधान को उठाए कदम।

केदारनाथ उपचुनाव पर आज मतदान की ख़बर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता दी है। अमर उजाला का शीर्षक है– केदारनाथ में मतदान आज, 173 बूथों पर 90 हजार 875 मतदाता चुनेंगे विधायक। सी. सी.टी.वी से मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग पर राष्ट्रीय सहारा की ख़बर है– केदारनाथ उपचुनाव में 130 बूथों पर तीसरी आंख की नज़र।

पिथौरागढ में प्रादेशिक सेना भर्ती के चलते बसों में युवाओं की भीड़ और पर्याप्त बस न मिलने पर हिंदुस्तान समाचार पत्र लिखता है– टनकपुर में युवाओं ने बसें तोड़ी, हल्द्वानी में लगाया जाम। इसी पर अमर उजाला की ख़बर है– प्रादेशिक सेना भर्ती : युवाओं को खेतों में बितानी पड़ी रात, होटल, स्कूल और रैन बसेरे सब भरे, युवाओं को झेलनी पड़ी दिक्कतें।

दून विश्वविद्यालय में आयोजित फ्यूचर रेडी कॉन्क्लेव पर अमर उजाला ने मुख्यमंत्री के हवाले लिखा है– रोजगार के लिए उद्योग–अकादमी का गैप खत्म हो।